# श्रीराम मंदिर में ध्वजारोहण ऐतिहासिक विजय

## निर्माणाधीन संकल्प महाविद्यालय परिसर में श्रीराम मंदिर निर्माण का किया भूमिपूजन

**अनूपपुर, 25 नवंबर, नवभारत. अयोध्या जी में श्री राम जन्मभूमि मन्दिर मे ध्वजारोहण हिन्दुओं का ऐतिहासिक विजय है. हमने लाखों हिन्दू साथियों के साथ 40 साल संघर्ष किया.**

आज श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर मे भगवा ध्वज लहरा रहा है. यह पिछले उन लाखों हिन्दुओं के त्याग, तपस्या, बलिदान का परिणाम है. अब हमारा उद्देश्य है कि देश के सभी हिन्दुओं के घरों मे भगवा ध्वज लहराए. घरों मे भगवा झंडा लहराना तो आसान है. प्रत्येक हिन्दू को अच्छा घर मिले, अच्छी शिक्षा मिले, रोजगार मिले, स्वास्थ्य की व्यवस्था हो तथा किसानों को फसलों की अच्छी कीमत मिले, इसके लिये हम कार्य कर रहे हैं. इस हेतु प्रत्येक गांव, शहर की गलियों, सड़कों, चौराहों में शनिवार या मंगलवार को हनुमान चालीस का पाठ और प्रत्येक घर मे ओमश्री परिवार लिखने का अभियान चला रहे हैं. इसके माध्यम से हिन्दू परिवारों की मदद करने की कोशिश कर रहे हैं.



मंगलवार को मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में एक दिन के प्रवास पर आयें विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद,राष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.प्रवीण तोगड़िया ने आयोजित कार्यक्रम में कहीं. अयोध्या जी में श्रीराम मन्दिर में भगवा ध्वज लहराने पर कहा कि यह हिन्दुओं का एतिहासिक विजय है. मेरे साथ चालीस साल तक पचास लाख लोगों ने हिन्दुओं को जगाने के लिये संघर्ष किया. पचास लाख कार्यकर्ताओं की मेहनत, आठ लाख स्वयंसेवकों के बलिदान और आठ करोड़ हिन्दुओं के दिये हुए पैसे से बना है. ऐसे सभी हिन्दुओं को मेरा बहुत-बहुत धन्यवाद है. इसके बाद सीतापुर गाँव मे निर्माणाधीन संकल्प महाविद्यालय परिसर पहुंचे. यहाँ उन्होंने श्रीराम मन्दिर निर्माण हेतु भूमि पूजन किया. यहाँ उन्होंने एक मंचीय कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित छात्र - छात्राओं को संबोधित किया और उनके प्रश्नों के जवाब दिये. इसके पूर्व उन्होंने बरबसपुर, फुनगा,मझगंवा, कोतमा मे अल्प प्रवास कर कार्यकर्ताओं से भेंट की और उनसे चर्चा की. जहां अलग - अलग स्थानों पर सम्मानित किया. इस अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद और अन्तर्राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहें.

# जिला अस्पताल में 5 घंटे तड़पता रहा मरीज

**सीधी, 25 नवंबर. जिला अस्पताल में मंगलवार को सामने आई घटना ने एक बार फिर यहां की चिकित्सा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं. ग्राम कमर्जी निवासी अवधेश तिवारी को अचानक रीढ़ की हड्डी में तेज दर्द उठा, जिसके बाद परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे.**

लेकिन अस्पताल में भर्ती किए जाने के बाद भी लगातार 5 घंटे तक न डॉक्टर पहुंचे और न ही कोई उपचार शुरू किया गया.जानकारी के अनुसार, दर्द असहनीय होने पर अवधेश तिवारी अस्पताल के फर्श पर सांप की तरह करीब 200 मीटर तक रेंगते हुए डॉक्टरों तक पहुंचा, लेकिन वहां भी किसी ने उनकी सुध नहीं ली. नर्सों ने भी उन्हें सिर्फ देखने का आश्वासन देकर छोड़ दिया और कोई उपचार शुरू नहीं किया.12 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद मामला चर्चा में आया. वीडियो में देखा जा रहा था कि मरीज दर्द से तड़प रहा है, लेकिन आस-पास मौजूद स्टाफ और डॉक्टर उससे दूरी बनाए हुए हैं.



अवधेश तिवारी ने बताया मैं बार-बार कहता रहा कि दर्द बहुत तेज है, लेकिन किसी ने मेरी बात नहीं सुनी. डॉक्टर तो दूर, नर्स ने भी दवा तक नहीं दी.इस गंभीर लापरवाही पर जब सिविल सर्जन डॉ. एस.बी. खरे से बात की गई तो उन्होंने सिर्फ इतना कहा हम मामले की जांच करवा रहे हैं.दूसरी ओर जिले की सीएमएचओ डॉ. बबीता खरे से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया. घटना के चार घंटे बाद तक न कोई डॉक्टर देखने आया और न मरीज को किसी बड़े अस्पताल में रेफर किया गया.

# कलेक्टर ने किया भूराडाबरा का निरीक्षण

### एसआईआर कार्य में संलग्न बीएलओ, व टीम से की चर्चा

**झाबुआ, 25 नवम्बर 2025. भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया सतत रूप से संचालित की जा रही है, जिसके तहत जिले की टीम पूरी तत्परता और गंभीरता के साथ कार्य कर रही हैं.**

इसी क्रम में आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा मीना ने 195-पेटलावद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत छापरी, भूराडाबरा, माछलिया एवं कालीदेवी में एन्युमरेशन फॉर्म के डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति का स्थल निरीक्षण किया तथा स्क्क्रमें संलग्न बीएलओ, सहायक बीएलओ एवं पूरी टीम से विस्तृत चर्चा की. कलेक्टर ने सर्वप्रथम मतदान केन्द्र क्रमांक 234 छापरी में पहुँचकर बीएलओ एवं टीम के कार्यों की समीक्षा की. बीएलओ द्वारा कलेक्टर को बताया गया कि मतदान केन्द्र पर कुल 907 पंजीकृत मतदाता हैं.



### ये निर्देश दिए...

कलेक्टर ने माछलिया एवं कालीदेवी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया, जहाँ क्रमशः 58 प्रतिशत एवं 68 प्रतिशत कार्य प्रगति की जानकारी प्राप्त हुई. इन दोनों केन्द्रों पर कार्य की गति और गुणवत्ता को सुदृढ़ करने हेतु कलेक्टर ने अतिरिक्त सहयोगी स्टाफ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए. साथ ही कलेक्टर ने बीएलओ एवं संलग्न टीम के सदस्यों का प्रतिदिन आशा कार्यकर्ता के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण कराए जाने के निर्देश भी प्रदान किए, ताकि फील्ड में सतत कार्यरत कर्मचारियों का स्वास्थ्य सुनिश्चित हो सके.

## प्रभारी मंडल संयोजक को किया निलंबित

**मऊगंज.** कलेक्टर ने प्रभारी मंडल संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजाति कार्य विभाग प्राथमिक शिक्षक मनोज पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. निलंबन अवधि में पटेल का मुख्यालय कलेक्टर कार्यालय मऊगंज नियत किया गया है. प्रभारी मंडल संयोजक के विरूद्ध राशि के लेन-देन के संबंध में गत दिनों वायरल वीडियो में बातचीत दिखाई थी जिसमें जांच प्रतिवेदन के उपरांत मंडल संयोजक दोषी पाये गये. हॉस्टल की छात्राओं द्वारा भी पटेल के द्वारा अमर्यादित कृत्यों का लेख किया गया था. पटेल के आचरण तथा पदीय दायित्व के प्रतिकूल होने पर कलेक्टर द्वारा उन्हें निलंबित कर दिया गया है.

# पुलिस की मौजूदगी में चले थे हथियार, 60 पर केस दर्ज

### ज्ञापन के दौरान पुलिस की मौजूदगी में हुई थी झड़प

**जबलपुर, 25 नवंबर. मंगलवार को उस समय बवाल मच गया जब मानस भवन में रविवार को हुए सामाजिक, शैक्षणिक एवं राजनैतिक चेतना सम्मेलन में पुस्तक बेचने पर उपजे विवाद और मारपीट के विरोध में अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक संगठनों के पदाधिकारी प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन देने पहुंच गए,**

इसी दौरान बड़ी संख्या में नकाबपोश पहुंचे और उपद्रव मचाया. पुलिस की मौजूदगी में मारपीट शुरू हुई. लाठी-डंडे, धारदार हथियार चलाए. अचानक हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई. हमले में आधा दर्जन लोग घायल हुए है. जिसमें से एक को गंभीर चोटें आई है. मामले में पुलिस ने 60 से अधिक पर एफआईआर दर्ज कर ली है.

विदित हो कि रविवार को कुशवाहा जनजागृति विकास समिति जबलपुर एवं सम्राट अशोक क्रांति सेना के तत्वाधान में सामाजिक, शैक्षणिक एवं राजनैतिक चेतना सम्मेलन मानस भवन में आयोजित हुआ. जिसके बाद आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हुआ. एक पक्ष ने जहां संविधान और महापुरूषों से जुड़ी किताबें फाडने का आरोप लगाया तो दूसरे पक्ष से पहुंचे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि हिन्दू देवी देवताओं के बारे में आपत्ति जनक सामग्री बेचने का आरोप लगाया. इस दौरान भी मारपीट हुई थी. जिसके विरोध में मंगलवार को ज्ञापन दिया जा रहा था तभी तत्वों के द्वारा प्रदर्शन कर रहे निहत्थे प्रदर्शनकरियों पर अचानक से लाठी डंडों एवं तलवार से हमला किया गया.



### एक नजर में

## गांवों में पहुंचेगा संभागीय अधिकारियों का दल

**रीवा, 25 नवम्बर.** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि सभी संभागीय अधिकारी नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण करेंगे. अधिकारियों का दल एक साथ गांवों में पहुंचकर विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी करेगा. साथ ही आमजनता की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया जाएगा. सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के लिए माह के पहले और तीसरे मंगलवार को बैठक में संभागीय अधिकारी लंबित प्रकरणों के आवेदकों से चर्चा करके प्रकरणों का निराकरण कराएंगे. समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा. सभी अधिकारी अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण करके रिपोर्ट दें. जिला कार्यालयों में ई आफिस प्रणाली को लागू कराएं. कमिश्नर ने कहा कि कमिश्नर्स-कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के निर्देशों पर तत्परता से कार्यवाही करें. विजन 2047 दृष्टिपत्र का गहनता से अध्ययन करके उसके अनुरूप विभागीय कार्यों को अंजाम दें. स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास के संभागीय अधिकारी संयुक्त रूप से जिलों में बैठक करके शिशुओं तथा महिलाओं के पोषण, टीकाकरण, शिशु मृत्यु दर एवं मातृ मृत्यु दर पर नियंत्रण के प्रयासों की समीक्षा करें. स्वास्थ्य सूचकांकों को बेहतर करने के लिए दोनो विभाग ग्राम स्तर तक समन्वय से कार्य करें. जिला, विकासखण्ड और ग्राम स्तर पर 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाएं. संविधान की संक्षेपिका का वाचन कराएं. गीता जयंती के कार्यक्रम भी शासन के निर्देशों के अनुसार आयोजित करें.

## योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के गांव तक पहुंचें




**सतना,25 नवम्बर.** विंध्य क्षेत्र के 10 जिलों में डिजिटल क्रांति को नई गति देने के उद्देश्य से सतना सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न दूर संचार सलाहकार समिति की बैठक में दूर संचार नेटवर्क विस्तार और सेवा उत्कृष्टता पर विशेष जोर दिया गया. समिति की बैठक में फाइबर-टू-द-होम (एफटीटीएच) नेटवर्क के अक्रामक विस्तार की योजना को मंजूरी दी गई, ताकि विस्तारित परिचालन क्षेत्र में व्यवसायों और घरों तक अल्ट्रा हाई स्पीड इंटरनेट पहुंचाया जा सके. विंध्य चेम्बर्स ऑफ कामर्स में सम्पन्न इस बैठक में सतना, सीधी, सिंगरौली और शहडोल के टीएसी सदस्य प्रदीप अरोरा, केके त्रिपाठी, अतुल सिंह परिहार, प्रमोद कुमार शुक्ला, चन्द्रभान पटेल, धर्मेन्द्र सिंह, संजय सिंह, हरिओम गुप्ता, प्रमोद कुमार दुबे, मोतीलाल पटेल, महेश प्रजापति, राजकुमार तिवारी, ज्ञानप्रकाश गुप्ता, सुरेश गिरी, शारदा प्रसाद शर्मा, अंकित शर्मा के अलावा प्रधान महाप्रबंधक यतीश भी उपस्थित रहे.



## ब्राह्मण समाज ने फूंका आईएएस संतोष वर्मा का पुतला

**शाजापुर, 25 नवंबर.** ब्राह्मण समाज की महिलाओं को लेकर आईएएस संतोष वर्मा द्वारा दिए गए आपत्तिजनक बयान को लेकर पूरे प्रदेश में विरोध शुरू हो गया है. इसी कड़ी में आज शाजापुर में दोपहर 3 बजे ब्राह्मण समाज, परशुराम सेना और सर्व ब्राह्मण महिला शाखा ने आईएएस संतोष वर्मा के कथित विवादित बयान के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया.

# मुहिम से नाराज फुटकर व्यापारी ने खुद पर पेट्रोल डाला, आत्महत्या का किया प्रयास

### निगम ने शासकीय कार्य में बाधा की एफआईआर दर्ज कराई

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर में निगम द्वारा यातयात को लेकर मुहिम चलाई जा रही हैं। इस दौरान सड़क पर सामान रखने वाले पर कार्रवाई की जा रही हैं। वहीं ठेला लगाकर व्यापार करने वालों को हटाया जा रहा हैं। इसी से नाराज होकर एक फुटकर व्यापारी ने मंगलवार को माणकचौक क्षेत्र में आत्महत्या का प्रयास किया।

नगर निगम के अनुसार अतिक्रमण अमले के कर्मचारी मुकेश कुमार माली द्वारा माणक चौक क्षेत्र में ऊनी कपड़ो का फुटकर व्यवसाय कर रहे जीतू को अपनी ठेलागाड़ी हटाने हेतु कहा । जीतू द्वारा अभद्र भाषा का उपयोग करते हुए ठेलागाड़ी हटाने से इन्कार कर दिया। समीप ही राजेन्द्र उर्फ (गलकिया) राज कलेक्शन द्वारा जीतू को अपने उपर पेट्रोल डालकर निगम के वाहन में आत्मदाह करने हेतु भड़काया। जीतू ने अपनी जैकेट से एक बॉटल निकाली जिसमें पेट्रोल जैसा द्रव्य था अपने उपर डालकर निगम के वाहन में आत्मदाह करने की कोशिश की जिसे आसपास के लोगों ने बचाया। उक्त घटना की जानकारी निगम के वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई तथा पुलिस प्राथमिकी दर्ज कराई गई। आत्मदाह का प्रयास करने पर निगमकर्मी मुकेश कुमार माली द्वारा माणक चौक थाने में पुलिस प्राथमिकी दर्ज कराई।



## ग्राम सुधार के माध्यम से वाटरशेड के कार्यों में हो रहा परिवर्तन : कुंवर

**सीधी.** वाटरशेड कमेटी कोटा द्वारा ग्राम खैरी मे धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम के मुख्य आतिथ्य, जिला पंचायत सदस्य हीराबाई सिंह, उपाध्यक्ष भूपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष अनीता सिंह, जनपद सदस्य रूचि सिंह के विशिष्ट आतिथ्य, उपसंचालक कृषि राजेश सिंह, अध्यक्ष वंदना मिश्रा, सचिव बृजेन्द्र मिश्रा की उपस्थिती में जल सम्मेलन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ. विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने कहा कि नवार्ड के सहयोग से जो कार्य इस क्षेत्र में हुए सराहनीय हैं. जिसको केदार जी ने बताया यशोदा सिंह ने आर्थिक ग्राम सुधार समिति का जो उद्देश्य है उसको बताई.

# जमीन व पेंशन के लालच में बड़ी मां को उतारा मौत के घाट

**जबलपुर, 25 नवंबर. पनागर अंतर्गत हुई महिला की अंधी हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. जमीन एवं पेंशन के रूपयों की लालच में रिश्ते की बड़ी मां की आरोपी ने ईट से हमला कर गला दबाकर हत्या की थी.**

पुलिस ने आरोपी तुलसी केवट पिता स्व चंदूलाल केवट 42 वर्ष निवासी भट्ठा मोहल्ला सुभाष वार्ड थाना पनागर को गिरफ्तार कर लिया है. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह ने खुलासा करते हुए बताया कि नरगवां में 16 नवंबर को रतन रजक के खेत में एक महिला का शव मिला था. शिनाख्त फूलबाई केवट पति रिखी राम केवट 58 वर्ष ग्राम निभौरा थाना पनागर के रुप में हुई थी. संदेही तुलसी केवट को अभिरक्षा में लेते हुये पूछताछ करने पर तुलसी केवट ने बताया कि उसके रिश्ते की बडी मॉ श्रीमति फूलबाई को पति की पेंशन मिलती थी तथा ग्राम निभौरा में 1 एकड जमीन थी. विगत एक माह से वह बडी मॉ श्रीमति फूलबाई की सेवा कर रहा था. उसे श्रीमति फूला बाई की जमीन एवं मिलने वाली पेंशन की लालच थी लेकिन श्रीमति फूलबाई द्वारा पैसे व जमीन न देने की बात से वह आक्रोशित हो गया 14 नवंबर को जब श्रीमति फूलबाई उसके घर से अपने भाईयो के घर जा रही थी.

## कार्य में रुचि न लेने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

**खंडवा.** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता ने निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की मॉनिटरिंग के लिए सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए हैं. इनमें से कर्त्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने तथा कार्य में रुचि न लेने वाले 22 सेक्टर अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने तथा वेतन भुगतान रोकने के संबंध में कलेक्टर गुप्ता ने कारण बताओं नोटिस जारी किए हैं. उन्होंने बताया कि जिन सेक्टर अधिकारियों के विरूद्ध नोटिस जारी किए गए हैं उनमें नितेश यादव उपयंत्री जनपद पुनासा राम सिंह मौर्य उप यंत्री राजेश सैनी आदि शामिल हैं.

# सिंगरौली मेडिकल कॉलेज में आज से नियमित पढ़ाई शुरू

### विधायक रामनिवास शाह ने किया शुभारंभ

**सिंगरौली 25 नवम्बर. जिले के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में आज दिन मंगलवार को एक नई शुरुआत हुई. मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए अब इंतजार खत्म हो गया है, क्योंकि आज से कॉलेज में रेगुलर क्लासेस शुरू हो गई हैं.**

अभी तक छात्रों को ऑनलाइन माध्यम से ही पढ़ाई करनी पड़ रही थी, लेकिन कॉलेज भवन के तैयार होने और आवश्यक व्यवस्थाओं के पूरा हो जाने के बाद अब ऑफलाइन शिक्षण प्रारंभ कर दिया गया है.



नियमित कक्षाएं शुरू करवाने के लिए बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह मौजूद रहे. वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता मेडिकल कॉलेज के डीन राजधर दत्ता ने किया. इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के एचओडी एवं चिकित्सक भी मौजूद रहे. मेडिकल कॉलेज का नियमित कक्षाएं आरंभ होने के पूर्व विधायक ने विधिवत पूजापाठ कर शुरू किये.

### आदेश ▶ उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में ली बैठक

# सीएम केयर योजना के शीघ्र क्रियान्वयन के निर्देश

**भोपाल, 25 नवम्बर. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में बैठक के दौरान सीएम केयर योजना अंतर्गत प्रस्तावित सुपर-स्पेशलिटी स्वास्थ्य अधोसंरचना के शीघ्र विस्तार के लिए सभी आवश्यक औपचारिकताओं को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए.**

उन्होंने कहा कि जटिल हृदय रोग, कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों के बेहतर उपचार के लिए प्रदेश के मरीजों को बाहर न जाना पड़े, इसके लिए योजना का त्वरित क्रियान्वयन जरूरी है. शुक्ल ने बताया कि प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में वर्तमान में एमडी/एमएस की 1909, डीएम की 41 और एम.च. की 43 सीटें स्वीकृत हैं. सुपर-स्पेशलिटी शिक्षा के विस्तार से कार्डियोलॉजी, ऑन्कोलॉजी, रेडियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी और युरोलॉजी सहित विभिन्न विभागों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की संख्या बढ़ेगी. उन्होंने आयुष्मान भारत के उपचार डेटा का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में ऑन्कोलॉजी, ऑन्कोलॉजी, जनरल मेडिसिन, युरोलॉजी और सीटीवीएस जैसी सेवाओं की मांग लगातार बढ़ रही है. कैंसर की कीमोथेरेपी, डायलिसिस, पीईटी स्कैन और जटिल सर्जरी जैसी सेवाओं की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है.



उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुपर-स्पेशलिटी विभागों के उन्नयन, आवश्यक मानवबल, उपकरण, इंफ्रास्ट्रक्चर, प्रशिक्षण और अनुमतियों की प्रक्रियाएँ युद्धस्तर पर पूरी की जाएँ, ताकि योजना का लाभ शीघ्र आम जनता तक पहुँच सके. सीएम केयर योजना का उद्देश्य कार्डियक और कैंसर उपचार को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और किफायती बनाना है.

# शिक्षिका की हत्या का मामला : डीजी द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम। उज्जैन रेंज एडीजीपी उमेश जोगा ने मंगलवार को रतलाम आए। इस दौरान उन्होंने शहर के औद्योगिक थाना क्षेत्र अंतर्गत सेवानिवृत शिक्षिका की गलारेत कर हत्या के मामले में अधिकारियों से जानकारी ली। देर शाम को घटना स्थल का निरीक्षण किया और अंधे कत्ल को जल्द सुलझाने के लिए पुलिस अधिकारियों का आवश्यक निर्देश दिए।**

मंदसौर और नीमच में अपराध समीक्षा बैठक के बाद मंगलवार शाम को उज्जैन रेंज एडीजीपी उमेश जोगा रतलाम पहुंचे। यहां पर एसपी अमित कुमार के साथ लक्ष्मणपुर स्थित घटनास्थल पर पहुंचे। एडीजीपी ने हत्याकांड से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी लेते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया और खुलासे के संबंध में अधीनस्थ अधिकारियों का आवश्यक निर्देश दिए।

सूत्रों के अनुसार पुलिस को हत्या के मामले में अहम सुराग हाथ लगे हैं। पुलिस जांच कर जल्द ही मामले का खुलासा कर सकती हैं।

एडीजीपी श्री जोगा एसपी ऑफिस भी पहुंचे थे। उन्होंने एसपी अमित कुमार के साथ बैठक कर चोरी एवं अन्य मामलों में भी खुलासे के लिए निर्देश दिए। इस दौरान एएसपी राकेश खाखा भी मौजूद रहे।



## सुरीली शाम में उमड़ा भावनाओं का सैलाब

**मंदसौर.** कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में सोमवार शाम आयोजित गायक अनिल श्रीवास्तव की सुरीली प्रस्तुति ने ऐसा समां बांधा कि वृद्धजन, आश्रय गृह की महिलाएं, बालगृह की बेटियाँ और दिव्यांगजन तक आनंद से थिरक उठे. आयोजन श्री जैन दिवाकर गुरु गौतम मुनि सेवा संस्थान द्वारा वंचित वर्गों को नैसर्गिक खुशी देने हेतु किया गया था. कार्यक्रम की शुरुआत ले के तुझे चले, जिंदगी की यही रीत है और जिंदगी एक सफर है सुहाना गीतों से हुई. मधुर स्वरों से मंत्रमुग्ध होकर दर्शक दीर्घा में बैठे कई लोग मंच पर पहुंचकर कलाकार के साथ नाचने लगे. यह भावुक दृश्य पहली बार शहर में देखने मिला.